आकाशवाणी शिमला

08.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हिमकेयर योजना को बंद करने के प्रदेश सरकार की कोई मंशा नहीं है। वे आज शिमला में हिमकेयर कार्ड और आयुष्मान भारत कार्ड के संबंध में गठित मंत्रिमंडलीय उप–समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि इस योजना की कुछ कमियों को दूर कर इसे और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना को बंद करने के संबंध में विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही अफवाहें सरासर गलत हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कुछ अनियमितताएं पाए जाने के बाद केवल निजी अस्पतालों को इस योजना के दायरे से बाहर करने का निर्णय लिया है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों को सरकारी अस्पतलों में हिमकेयर कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा जारी रहेगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमकेयर कार्ड से स्वास्थय लाभ लेने के ऐसे कई मामले सामने आए है जहां मेडिकल बिल और उपचार की लागत में बहुत ज्यादा अंतर पाया गया है।

भेंट

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं के 18 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आज शिमला में भेंट की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए नीतियों में सकारात्मक बदलाव किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जमीनीस्तर पर इन बदलावों का क्रियान्वयर सुनिश्चित करने को भी कहा। इस दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण के अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किए और लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आश्वासन दिया। इस बीच शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष व पूर्व सांसद सुखबीर सिंह बादल ने मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिहं सुक्खू से आज शिमला में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अनेक बिंदुओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश को 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए हरित उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे बड़ी चुनौती है और राज्य सरकार हरित पहल के माध्यम से गलोबल वॉर्मिग के प्रभावों को कम करने की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई–वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है और हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों को इलैक्ट्रिक बसों के बेड़े में परिवर्तित किया जा रहा है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार हर दिन रोजगार के रास्ते बंद कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वावलम्बन योजना को बंद कर दिया लेकिन चुनाव के समय स्टार्ट अपयोजना को गारंटी के रूप में प्रचारित करने के बाद अभी तक लागू नहीं कर पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार बने हुए डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन सरकार आज तक इस योजना का एक भी लाभार्थी नहीं बना पाई है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप भी लगाया।

जयराम ठाकुर ने सरकार से पूछा है कि स्टार्ट उप की गारंटी से डेढ़ साल में कितने युवाओं ने रोजगार शुरू किया है।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में बढ़ रहे अवैध खनन के मामले चिंताजनक है और प्रदेश सरकार को इस संबंध में सख्त कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर खनन का अवैध कारोबार नेताओं और समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षण में चल रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि सिरमौर जिले में भी अवैध खनन के मामले बढ़ते जा रहे हैं और विभिन्न नदियों में लगातार खनन की शिकायतें वन, खनन विभाग और पुलिस विभाग को मिलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में एक जनवरी 2022 से 31 अगस्त 2023 तक अवैध खनन के कुल 2 हजार 6 सौ 10 मामले दर्ज किए गए थे। सुरेश कश्यप ने कहा कि खनन को रोकना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि इसके कारण बरसात के समय प्रदेश में भू–स्खलन का खतरा भी बढ़ जाता है।

महोत्सव

राज्य वन विभाग के सहयोग से आकाशवाणी केंद्र शिमला व दूरदर्शन शिमला में आज वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन केंद्र शिमला के क्लस्टर प्रमुख गुरविंदर सिंह ने आकाशवाणी परिसर में चिनार का पौधा लगा कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बान, देवदार, अखरोट और अन्य सजावटी पौधे रोपित किए। क्लस्टर हैड गुरविंदर सिंह ने सभी से पर्यावरण सरंक्षण में अपना योगदान देने का आह्वान किया ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए अमूल्य प्राकृतिक सौन्दर्य बना रहे। उन्होंने मौजूदा समय में सामने आ रही प्राकृतिक आपदाओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत बताई। गुरबिंदर सिंह ने वन विभाग से आए कर्मचारियों का वन महोत्सव में सहयोग करने के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। इस बीच राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा घंडल के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में 'वन महोत्सव' का आयोजन किया। परिसर में वृक्षारोपण अभियान में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।